# आईसीई रॉ शुगर में तेजी



**न्यूयॉर्क** ◆ ब्राजील के सेंटोस में चीनी के वेयरहाउसों में भयंकर आग लगने की वजह से आईसीई एक्सचेंज में इसके दाम उछल गए। आशंका है कि कोपरसुकर कंपनी के नियंत्रण वाले वेयराहाउसों में आग लगने से आईसीई रॉ शुगर का डिलीवरी सिस्टम बुरी तरह प्रभावित हो सकता है। अनुमान है कि इन वेयरहाउसों में करीब 180,000 टन चीनी जलकर स्वाहा हो गई। इससे आईसीई एक्सचेंज में चीनी की सप्लाई प्रभावित होने की आशंका है। ऐसे में रॉ शुगर के दाम बढ़कर एक साल के उच्च स्तर पर पहुंच गए। ब्राजील में अत्यधिक बारिश होने के कारण गन्ने की पेराई पहले ही प्रभावित हो रही है। इस वजह से चीनी की सप्लाई सीमित रहने का अनुमान था। शुक्रवार को आईसीई में नवंबर डिलीवरी रॉ शुगर के दाम बढ़कर 20.16 सेंट प्रति पाउंड के स्तर पर पहुंच गए। हालांकि बाद में भाव थोड़े घटकर 19.50 सेंट प्रति पाउंड पर बंद हुए। इस तरह शुक्रवार को चीनी के भाव में 2.6 फीसदी की तेजी दर्ज की गई। **(एजेंसी)**

Business Bhaskar
19/10/13